<u>प्रेस-विज्ञप्ति</u>

अखिल भारतीय निबंध/शोध आलेख प्रतियोगिता
(प्रेमचंद जयंती समारोह 2020)

दिनांक- 08.10.2020

कोविड-19 महामारी की वजह से मुंशी प्रेमचंद शोध एवं अध्ययन केंद्र, लमही की ओर से प्रतिवर्ष मनायी जाने वाली प्रेमचंद जयंती की जगह इस वर्ष अखिल भारतीय निबंध/शोध आलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। केंद्र की समन्वयक डॉ. आभा गुप्ता ठाकुर के अनुसार इस प्रतियोगिता में देश-विदेश से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। बांग्लादेश, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, पश्चिम बंगाल, केरल, महाराष्ट्र आदि सुदूर क्षेत्रों से इस प्रतियोगिता के लिए कुल 73 वैध प्रविष्ठियां प्राप्त हुई हैं। प्रेमचंद जयंती समारोह 2020 के उपलक्ष्य में आयोजित अखिल भारतीय निबंध/शोध आलेख प्रतियोगिता का परिणाम प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर घोषित करते हुए हमें अपार हर्ष हो रहा है। निर्णायक मंडल में प्रो. के. वनजा (आचार्य सह अध्यक्ष, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कोच्ची), श्री विजय राय (संपादक 'लमही'), डॉ. गौतम चटर्जी (अध्यक्ष, अभिनवगुप्त एकेडमी, वाराणसी) एवं डॉ. रेणु अरोड़ा (प्रभारी, हिन्दी विभाग, मिरांडा हाउस, दिल्ली वि.वि.) शामिल हैं। निर्धारित विषय 'प्रेमचंद और हमारा समय' पर तय समय-सीमा के भीतर प्राप्त निबंधों/शोध आलेखों को ध्यान में रखते हुए निर्णायक मंडल ने विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत विजेताओं का चयन किया है।

प्रथम पुरस्कार- ऋतु बर्णवाल

द्वितीय पुरस्कार- 1. सुनील नायक

2. नेहा चौधरी

तृतीय पुरस्कार- ब्रजेश कुमार तिवारी

सांत्वना पुरस्कार- 1. षैजू के

2. पूर्णिमा वर्मा

विदेशी छात्र श्रेणी का पुरस्कार- अंजय रंजन दास

कोविड-19 महामारी को देखते हुए पुरस्कार वितरण समारोह फिलहाल टाल दिया गया है। परिस्थिति सुधरने पर यदि समारोह आयोजित किया जाता है तो इसकी सूचना विजेताओं को दे दी जाएगी अन्यथा पुरस्कार-राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। विदित हो कि प्रतियोगिता की प्रथम पुरस्कार-राशि ₹11,000, द्वितीय पुरस्कार-राशि ₹7,000, तृतीय पुरस्कार-राशि ₹5,000, सांत्वना पुरस्कार-राशि ₹2,000 एवं विदेशी छात्र श्रेणी के लिए पुरस्कार-राशि ₹3000 निर्धारित है। सभी प्रतिभागियों को ई-प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा।